क्र० सं०	स्वयं सेवी संगठनों के नाम	नगर/शहर	राज्य
15.	स्कूल आफ फंडामेंटल रिसर्च, टालीगंज (पश्चिम बंगाल)	बख्तियारपुर, मोकामा, मुंगेर, सुल्तानगंज भागलपुर, राजमहल, फरक्का, कृष्णानगर, कलकत्ता, गंगा सागर	बिहार/पश्चिम बंगाल
16.	जय प्रकाश नारायण जन्मोत्सव समिति, नादिया (प०बं०)	नादिया	पश्चिम बंगाल
17.	भारतीय और राजीव, चिन्सुरा	चिन्सुरा	पश्चिम बंगाल
18.	सेन्टर फार स्टडी आन मैन एंड इन्वार्नमेंट, कलकत्ता (पश्चिम बंगाल)	बैरकपुर	पश्चिम बंगाल
19.	बंगाल फाइन आर्ट्स कालेज, नार्थ-24 परगना	नार्थ-24 परगना	पश्चिम बंगाल
20.	नार्थ-24 परगना जिला मणिमेला (पश्चिम बंगाल)	नार्थ-24 परगना	पश्चिम बंगाल
21.	कमेटी फार नेशनल इन्टीग्रेशन, कलकत्ता (पश्चिम बंगाल)	कलकत्ता	पश्चिम बंगाल
22.	कैनिंग मिलान चक्र, साऊथ 24 परगना (पश्चिम बंगाल)	साऊथ-24 परगना	पश्चिम बंगाल
23.	संकट मोचन निधि, अमर भवन, वाराणसी (उ०प्र०)	वाराणसी	उत्तर प्रदेश
24.	राष्ट्रीय ग्रामीण शोध संस्थान, इलाहाबाद (उ०प्र०)	इलाहाबाद	उत्तर प्रदेश
25.	सबुज स्वप्न, नार्थ-24 परगना (पश्चिम बंगाल)	नार्थ-24 परगना	पश्चिम बंगाल

देश के विभिन्न भागों में हाथियों का मारा जाना

243. **श्री विट्ठलराव माधवराव जाधव:** क्या **पर्यावरण और वन** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) क्या सरकार को यह जानकारी है कि देश के विभिन्न भागों में हाथी दांत प्राप्त करने के लिए हाथियों की हत्या की जा रही है; और

(ख) यदि हां, तो पिछले तीन वर्षों के दौरान प्रतिवर्ष शिकार-चोरों द्वारा राज्य-वार कितने-कितने हाथियों की हत्या की गई है?

मानव संसाधन विकास मंत्री (श्री अर्जुन सिंह): (क) विभिन्न राज्यों से हाथियों के चोरी-छिपे शिकार की रिपोर्टें समय-समय पर प्राप्त होती रहती हैं।

(ख) गत तीन वर्षों के दौरान चोरी-छिपे शिकार कर्ताओं द्वारा मारे गए हाथियों की संख्या निम्नलिखित है:

राज्य	1989-90	1990-91	1991-92 के दौरान मारे गए हाथियों की संख्या
आसाम	04	05	05
केरल	04	03	15
कर्नाटक	07	12	10
उड़ीसा	16	19	07
तमिलनाडु	07	04	05
उत्तर प्रदेश	03	—	—
पश्चिम बंगाल	—	—	01
	41	43	43

मध्य प्रदेश में पक्षियों का शिकार किया जाना

244. **श्री विट्ठलराव माधवराव जाधव: क्या पर्यावरण और वन मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:**

(क) क्या सरकार को मध्य प्रदेश में बड़े पैमाने पर पक्षियों का अवैध शिकार किए जाने की जानकारी है;

(ख) यदि हां, तो पक्षियों के शिकार को रोकने के लिए राज्य सरकार को क्या निर्देश जारी किये हैं; और